शनिवार
17 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

हाथीपांव के मरीजों के लिए प्रखंडों में मंगलवार को खुलेगा एमएमडीपी क्लिनिक 3

सांस्कृतिक एकता से ही होगी एक भारत श्रेष्ठ भारत की रचना : शाह

एजेंसी/वाराणसी

उत्तर-दक्षिण भारत के रिश्ते की प्रगाढ़ता उद्देश्य से बनारस में आयोजित काशी-तमिल संगमम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर देश के गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। बीएचयू के एंफीथिएटर मैदान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद एक समय ऐसा आया, जब देश की सांस्कृतिक एकता में जहर घोलने का प्रयास किया गया। लेकिन अब समय आ गया है एक भारत श्रेष्ठ भारत की रचना करने का और वो भारत की सांस्कृतिक एकता से ही हो सकता है।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से हमारे देश की संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से सदियों बाद ये प्रयास किया है। ये प्रयास पूरे देश की भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का सफल प्रयास सिद्ध होगा। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु से आए भाई-बहन काशी से गंगाजल ले जाकर रामेश्वरम में अभिषेक कीजिएगा। फिर जब वहां से आइएगा तो वहां की मिट्टी लाकर गंगा के रेत में मिलाइएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी व्यवस्था की है कि पूरे देश को जानिए और समझिए। एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कीजिए।

विश्वास और प्रेम में एक समानता है, दोनों को जबरदस्ती हासिल नहीं किया जा सकता

गृहमंत्री ने कहा कि आज मैं एक संदेश देना चाहता हूं कि विश्वास और प्रेम में एक समानता यह है कि दोनों को जबरदस्ती हासिल नहीं किया जा सकता। काशी तमिल संगमम ने आजादी के अमृतकाल वर्ष में उत्तर और दक्षिण भारत की संस्कृतियों के बीच विश्वास और प्रेम का नया माहौल खड़ा करने का काम किया है। अमित शाह ने कहा कि गुलामी के एक लंबे काल खंड में हमारी संस्कृति और विरासत को मलिन करने का प्रयास किया गया है। भारत की आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काम किया है।

भारत अनेक संस्कृति, भाषाओं से बना देश है, लेकिन इन सबके बीच उसकी आत्मा एक है

गृहमंत्री ने कहा कि भारत अनेक संस्कृति, भाषाओं, बोलियों और कलाओं से बना हुआ देश है। मगर, इन सबके बीच में देखें तो उसकी आत्मा एक है और वह भारत की आत्मा है। दुनिया के अन्य देश जिओ पॉलिटिकल आधार बने हुए हैं, लेकिन भारत के साथ ऐसा नहीं है। शाह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना काशी तमिल संगमम की पूर्णाहुति होने जा रही है। मगर, यह पूर्णाहुति नहीं शुरुआत है। यह तमिलनाडु और काशी की महान संस्कृति, कला, दर्शन, ज्ञान के मिलन की शुरुआत है। यह प्रयास आजादी के तुरंत बाद होना चाहिए था, लेकिन काफी साल तक नहीं हुआ।

काशी-तमिल संगमम समारोह में उपस्थित गृहमंत्री अमित शाह व सीएम योगी आदित्यनाथ।

राजौरी जिले में आतंकियों की गोलीबारी में दो लोगों की मौत

एजेंसी/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शुक्रवार को आतंकियों ने गोलीबारी कर दी। इस घटना में दो आम नागरिकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कुछ लोगों ने सेना के शिविर पर पथराव भी किया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि हताहत हुए लोग कथित तौर पर सेना के साथ कुलियों (पोर्टर) के रूप में काम करते थे। वे सुबह करीब सवा छह बजे जिले में एक सैन्य शिविर के अल्फा गेट के पास जा रहे थे, तभी उनके ऊपर गोलियां चलाई गईं। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के रहने वाले शलिंदर कुमार और कमल किशोर की गोलीबारी में मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

सेना में कुली का करते थे काम: सेना के कई आक्रोशित लोगों ने सेना के शिविर पर पथराव भी किया। एसएसपी राजौरी मोहम्मद असलम चौधरी ने बताया कि मरने वाले लोग सेना के साथ कुली का काम करते थे। घटना सुबह करीब 6.15 बजे शिविर के अल्फा गेट के पास हुई। मरने वाले फरियाना वार्ड नंबर-15 राजौरी के रहने वाले थे। घटना के बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया।

पहला चरण: बिहार के 156 निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान

नगर निकाय चुनाव का प्रचार थमा, वोटिंग कल

- पहले चरण के वोटों की गिनती 20 दिसंबर को होगी
- 28 दिसंबर को दूसरे चरण के लिए मतदान, गिनती 30 को

केटी न्यूज/पटना

बिहार में पहले चरण के नगर निकाय चुनाव के लिए प्रचार का शोर थम गया। शुक्रवार शाम 5 बजे चुनाव प्रचार की अवधि खत्म हो गई। 18 दिसंबर को 156 निकायों में चुनाव होने हैं। इसके साथ ही पोलिंग पार्टी बूथों की ओर रवाना हो गई हैं। बूथों पर सुरक्षा बल की तैनाती शुरू हो गई है। रविवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होंगे। पटना जिले में 12 नगर निकायों में पहले चरण में वोटिंग होनी है। इनमें 10 नगर परिषद और 2 नगर पंचायत में चुनाव होगा।

पहले चरण के वोटों की गिनती 20 दिसंबर को हो जाएगी। हालांकि, दूसरे चरण का चुनाव प्रचार अभियान जोरों पर है। दूसरे चरण का चुनाव 28 दिसंबर को होना है। इस चरण में 68 नगर निकायों पर चुनाव होना है। पटना के 10 नगर परिषद और 2 नगर पंचायत में पहले चरण में 18 दिसंबर को चुनाव होना है। इसमें छह लाख से अधिक मतदाता 1804 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। पहले चरण में पटना के कुल 327 वार्ड में मतदान होगा। सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में होने वाले चुनाव के लिए पटना जिले में 15 जगहों पर आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ऐसे मतदान केंद्रों को सजाया गया है। माता पिता के साथ जाने वाले बच्चों को खेलने की व्यवस्था की गई है।

प्रत्येक मतदान केंद्र पर तीन इवीएम का होगा उपयोग

बिहार नगर निकाय चुनाव में पार्षद, उप मुख्य पार्षद व मुख्य पार्षद के लिए वोटिंग होनी है। इसलिए अलग-अलग पदों के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर तीन इवीएम का उपयोग होगा। वोटिंग के लिए तीन वोटिंग कंपार्टमेंट भी बनाये जायेंगे। ऐसे में मतदाताओं को एक बार नहीं तीन बार इवीएम पर बटन दबाना होगा। एक मतदाता को वोट डालने में 30 सेकेंड का समय लगेगा। तीनों पद का बीयू भी अलग-अलग वोटिंग कंपार्टमेंट में रहेगा।

वोटिंग के दो घंटा पहले इवीएम होगा उपलब्ध

18 दिसंबर को वोटिंग शुरू होने के दो घंटा पहले पीठासीन पदाधिकारी को इवीएम, ग्रीन पेपर, सील, स्ट्रीप सील, स्पेशल टैग आदि उपलब्ध कराया जायेगा। सुबह सात बजे वोटिंग शुरू होने के 90 मिनट पहले सुबह साढ़े पांच बजे एजेंटों की उपस्थिति में मॉकपोल होगा. सेक्टर पदाधिकारी चुनाव प्रचार थमने के बाद भी किसी चुनाव अभ्यर्थी द्वारा प्रचार-प्रसार करने पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन के मामले में कार्रवाई करेंगे।

जहरीली शराब ने अब सीवान में पांच लोगों की ले ली जान

केटी न्यूज/पटना

बिहार के छपरा में जहरीली शराब से अब अत 53 लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच अब सीवान में भी जहरीली शराब से मौतों का सिलसिला शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को थाने के चौकीदार समेत पांच की एक-एक कर मौत हो गई। मृतकों की पहचान महेश राय, अमीर मांझी, शंभू यादव, राजेंद्र पंडित और चौकीदार अवध मांझी के रूप में हुई है। इनमें से तीन की मौत इलाज के लिए गोरखपुर ले जाने के बाद हुई है। जानकारी के अनुसार यह सभी ब्रह्मस्थान के आसपास रहते हैं और एक ही समय एक जगह पर शराब पी थी और फिर बहुत कम अंतराल के दौरान एक-एक कर इनकी मौत हो गई। इन मौतों से अचानक यहां कोहराम मच गया है। ध्रुव यादव के पुत्र महेश राय, फुलेना मांझी के पुत्र अमीर मांझी, नारसी मांझी के पुत्र अवध मांझी के घरों में महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। सीवान सदर अस्पताल में शंभू यादव की मौत के बाद उनके साथ आए ग्रामीणों ने कहा कि खुलेआम शराब मिल रही है। पहले आंखों की रोशनी गई, फिर पेट दर्द के बाद मौत हो गई।

हत्यारी सरकार इस्तीफा दो का गूंजा नारा

जहरीली शराब से मौत पर विधानसभा में हंगामा

केटी न्यूज/पटना

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायक जमकर हंगामा करने लगे। लगातार तीसरे दिन जहरीली शराब के मुद्दे पर भाजपा सदस्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। भाजपा के सदस्य वेल में आकर प्रदर्शन करते रहे। विपक्षी विधायकों ने कुर्सियां तक उठा ली। स्थिति गंभीर होते देख स्पीकर अवध बिहारी चौधरी ने सदन की कार्यवाही को 12 बजे दिन तक स्थगित कर दिया। प्रश्नकाल शुरू होते ही भाजपा सदस्य गरीबों की हत्यारी सरकार इस्तीफा दो, नीतीश कुमार माफी मांगो का नारा लगा रहे थे। वे जहरीली शराब से हुई मौत पर चर्चा कराने की मांग रहे थे, लेकिन सरकार इसके लिए तैयार नहीं थी। सरकार की तरफ से जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि सदन नियमावली से चलती है। नेता प्रतिपक्ष जो नियमावली दिखा रहे हैं, उसमें स्पष्ट है। आसन का जो भी निदेश होगा सरकार पालन करेगी। स्पीकर अवध बिहारी चौधरी ने विपक्षी विधायकों को चेताते हुए कहा कि अगर आपलोग आसन ग्रहण नहीं करेंगे तो हम कभी बोलने

चिराग बोले: ये मौत नहीं हत्या है, इसका जिम्मेदार कौन है?

लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जमुई सांसद चिराग पासवान ने बिहार में जहरीली शराब से मौत मामले पर बड़ा हमला किया है। चिराग पासवान ने जहरीली शराब से मौतों पर कहा कि इसे मौत नहीं कहा जाएगा। क्योंकि, जहर देकर मारना हत्या कहा जाता है और बिहार में हत्याएं हो रही हैं। नीतीश सरकार पर सवाल उठाते हुए पूछा कि इन हत्याओं का जिम्मेदार कौन है? इसे देखने की जिम्मेदारी किसकी है? ये कौन तय करेगा? क्या ऐसे ही बिहारी मरते रहेंगे? कितनी हत्याओं का इंतेजार करेंगे मुख्यमंत्री?

सीएम योगी ने 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को दिया नियुक्ति पत्र

लखनऊ। उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यूपी लोकसेवा आयोग से चयनित 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र दिया। लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यूपी लोकसेवा आयोग पांच वर्ष पहले बदनाम था। वहां से भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही थीं। सीबीआई जांच करानी पड़ी। अब चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से हो रही है, इसलिये चयनित युवा ईमानदारी से प्रदेश के विकास में सहयोग करें। सीएम ने युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाते हुए कहा कि आपका कार्य मॉडल बन सकता है। अन्नदाता किसानों से संवाद करें। प्रगतिशील किसानों के साथ बैठें। उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दें तो बेहतर परिणाम आएंगे।

विदेश मंत्री ने पाकिस्तानी आतंकवाद की खोली पोल

एजेंसी/नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र संघ में पाकिस्तान की बखिया उधेड़कर रख दी। जयशंकर ने न केवल पाकिस्तान की विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार की बोलती बंद की बल्कि पाकिस्तानी आतंकवाद की पोल खोलकर उसे दुनिया के सामने नंगा कर दिया। मुंबई हमले की पीड़ित नर्स अंजलि कुलथे ने पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब और अन्य आतंकियों की हैवानियत का आंखों देखा हाल भी पूरे विश्व को बताया। भारत के इस तीखे वार से पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी बौखला गए और उन्होंने आरोपों का जवाब देने की बजाय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गुजरात दंगों को लेकर निजी हमला कर दिया।

बिलावल का आरोप... मोदी सरकार हिटलर की विचारधारा से प्रभावित: बिलावल भुट्टो ने आरोप लगाया कि भारत की मोदी सरकार गांधी जी के विचारधारा को नहीं, बल्कि गोडसे को मानती है। भारत सरकार हिटलर की विचारधारा से प्रभावित है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने दावा किया कि उनके देश में आतंकवादी तत्वों को भारत समर्थन दे रहा है जो बलूचिस्तान में अस्थिरता बढाने का प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत हाफिज सईद के जौहर टाउन स्थित घर के बाहर हुए ब्लास्ट में शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान के आतंकी तत्वों को वित्तीय मदद दे रहा है। इससे पहले पाकिस्तानी विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने भारत के खिलाफ डोजियर पेश किया था और आरोप लगाया भारत आतंकवाद को भड़का रहा है।

पाकिस्तानी पत्रकार ने जब संयुक्त राष्ट्र में भारतीय विदेश मंत्री से सवाल किया तो उन्होंने ऐसा जवाब दिया कि उसकी बोलती ही बंद हो गई। जयशंकर ने कहा, 'आप गलत मंत्री से सवाल कर रहे हैं। यह पाकिस्तान के मंत्री हैं जो यह बताएंगे कि पाकिस्तान कितने लंबे समय तक आतंकवाद को फैलाने का इरादा रखता है। दुनिया मूर्ख नहीं है और जो देश आतंकवाद में संलिप्त हैं, ऐसे देशों को दुनिया को इसे बंद करने के लिए कहना चाहिए।

खबरें फटाफट

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पालदार की मौत

आरा। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के धरहरा पुल के समीप गुरुवार की रात किसी वाहन ने एक पालदार को रौंद दिया। उसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक चांदी थाना क्षेत्र के भदवार गांव निवासी स्व.गुप्तेश्वर सिंह का 35 वर्षीय पुत्र राधेश्याम सिंह था। उसके छोटे भाई धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि वह करीब पांच वर्षों से बिहिया में ही रहा करते थे और वहीं पर पलदारी करते थे। गुरुवार की रात किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। तभी रास्ते से गुजर रही बिहिया थाने की गश्ती पार्टी ने सड़क किनारे पड़े शव को देखा और थाने लेकर पहुंची। उसके बाद स्थानीय लोगों से पहचान कराने के बाद घटना की सूचना को दी गयी। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

आरा। संदेश थाना क्षेत्र के संदेश चौराहा के समीप गुरुवार की देर शाम बेलगाम ट्रक ने एक अज्ञात युवक को रौंद दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी युवक की इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में मौत हो गयी। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही संदेश थाना इंचार्ज अवधेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस युवत की पहचान करने में जुट गई है। बताया जाता है कि देर शाम युवक सड़क किनारे जा रहा था। तभी संदेश चौराहा के समीप पीछे से आ रही ट्रक ने उसे रौंद दिया। उसके बाद संदेश थाना के चौकीदार द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। उस दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

ट्रॉली बैग से 25 किलो गांजा बरामद

आरा। शहर की नवादा थाने की पुलिस को मादक पदार्थ और शराब के खिलाफ अभियान में अच्छी सफलता मिली है। पुलिस द्वारा गुरुवार को गांजा और महुआ शराब की अलग-अलग खेप बरामद की गयी है। इस दौरान पुलिस ने जवाहर टोला से 25 किलो गांजा, जबकि श्रीटोला से 40 लीटर महुआ शराब बरामद की गयी है। हालांकि तस्कर पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके। इसे लेकर नवादा थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस धंधेबाजों की पहचान और धरपकड़ में जुट गयी है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि धंधेबाजों की पहचान और धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है।

हाथीपांव के मरीजों के लिए प्रखंडों में मंगलवार को खुलेगा एमएमडीपी क्लिनिक

- वेक्टर जनित रोग नियंत्रण की समीक्षात्मक बैठक सह कार्यशाला का आयोजन
- सिविल सर्जन ने कालाजार व फाइलेरिया मरीजों की खोज के लिए अभियान जारी रखने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/बक्सर

जिला मुख्यालय में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण की समीक्षा सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बक्सर जिला समेत पूरे राज्य में कालाजार की स्थिति का समीक्षा करते हुए उसके उन्मूलन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही, केयर के द्वारा जिले के सभी एमओआईसी, वीबीडीएस, बीसीएम व बीएचएम का उन्मुखीकरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डब्ल्यूएचओ एनटीडी के जोनल को-ऑर्डिनेडर डॉ. अरूण कुमार, सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार व डीपीसी जावेद आवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस क्रम में सिविल सर्जन डॉ. नाथ ने कहा कि जिले में कालाजार के मामले भले ही कम हैं, लेकिन इससे यह नहीं मानना है कि भविष्य में ये आंकड़ें नहीं बढ़ेंगे। इसके लिए हमें हमेशा तत्पर रहना होगा। मौके पर केयर इंडिया के डीपीओ चंदन प्रसाद, वीबीडीओ राजीव कुमार के अलावा सभी प्रखंडों के एमओआईसी, वीबीडीएस, बीसीएम व बीएचएम मौजूद रहे।

कार्यशाला के बाद मरीज को किट प्रदान करते अधिकारीगण

कालाजार जांच के लिए सभी पीएचसी पर आरके-39 किट उपलब्ध : सिविल सर्जन डॉ. नाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कालाजार के मामलों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी गई है। बक्सर जिला भी यूपी से सटा हुआ है और गंगा के तटीय इलाके में स्थित है । इसके कारण यहां नमी अधिक होती है। ऐसे में भविष्य में कालाजार के मामलों की संभावित वृद्धि को देखते हुए कालाजार के प्रभावित गांवों व उसके आसपास के गांवों में कालाजार के नए मरीजों की खोज जारी रहेगी। भविष्य में कालाजार के नए मरीजों की जांच के लिए सभी पीएचसी पर आरके-39 किट उपलब्ध करायी गयी है। साथ ही, कालाजार की जांच, इलाज व देखरेख के लिए पीएचसी स्तर के प्रभारी चिकित्सकों और कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। यदि भविष्य में कोई भी मामला सामने आता है, तो उसकी तत्काल जांच कर उचित इलाज शुरू किया जाएगा।

सप्ताह में दो दिन हो हाइड्रोसील के मरीजों का इलाज : वहीं, फाइलेरिया के हाइड्रोसील के मरीजों के इलाज की संख्या पर चिंता जताते हुए सिविल सर्जन ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को मरीजों के इलाज बढ़ाने और सप्ताह से दो दिन उनका ऑपरेशन करने के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया। बताया गया कि हाइड्रोसील के एक ऑपरेशन के लिए सरकार के द्वारा 750 रुपए दिए जाते हैं। जिसमें सर्जन को 250 रुपए इन्सेंटिव के साथ 100 रुपए आवागमन खर्च के लिए निर्धारित हैं। संबंधित कर्मचारी आशा के माध्यम से के मरीजों को जागरूक करते हुए उन्हें ऑपरेशन के लिए पीएचसी पर लाएंगी। साथ ही, सदर अस्पताल में भी दो दिन ऑपरेशन किया जाएगा।

जिले में नावानगर पीएचसी से होगा एमएमडीपी क्लिनिक खोलने का शुभारंभ

डीवीबीडीसीओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया जिले में हांथीपांव के मरीजों की संख्या अधिक है। जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग महिलाएं व पुरुष हैं। इन मरीजों को नियमित रूप से एमएमडीपी (रुग्णता एवं विकलांगता रोकथाम) किट का प्रयोग करना होता है। जिसे देखते हुए सभी प्रखंडों में एक-एक एमएमडीपी क्लिनिक खोला जाए। ताकि, फाइलेरिया के हाथीपांव के मरीजों को किट के वितरण के साथ उनको किट के इस्तेमाल की जानकारी दी जा सके। साथ हीं इन क्लिनिकों पर फाइलेरिया के हाथीपांव के मरीजों का इलाज करने के साथ-साथ उनको व्यायाम भी सिखाया जाएगा। इसके लिए आगामी मंगलवार को नावानगर प्रखंड से एमएमडीपी क्लिनिक खोने की शुरूआत की जाएगी। उसके बाद क्रमशः उसी तिथि को अन्य सभी प्रखंडों में एमएमडीपी क्लिनिक की शुरूआत की जाएगी।

सड़क हादसा: भोजपुर में बिहिया थाना क्षेत्र के यादवपुर मोड़ के समीप हुई दुर्घटना

बहन से मिलने की आस रह गई अधूरी, अज्ञात वाहन की टक्कर से चली गई अधेड़ की जान

- मृतक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हृदयपुर इंग्लिश गांव निवासी अनिल कुमार सिंह के रूप में हुई है
- यूपी के जलौन के उड़ई शहर स्थित एफडीआई विभाग के नन डिपार्टमेंट में सरदार के पद पर थे कार्यरत

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर में बिहिया थाना क्षेत्र के यादवपुर मोड़ के समीप गुरुवार की रात सड़क हादसे में यूपी के एक कर्मी की मौत हो गयी। बहन से मिलने जाने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनको रौंद दिया। उसमें उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हृदयपुर इंग्लिश गांव निवासी श्रीभगवान सिंह के 50 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार सिंह थे। वह यूपी के जलौन के उड़ई शहर स्थित एफडीआई विभाग के नन डिपार्टमेंट में सरदार के पद पर कार्यरत थे। वह करीब एक साल बाद दस रोज पहले बेटों की शादी के सिलसिले में गांव आए थे।

सदर अस्पताल के बाहर का शव लेने के लिए खड़े मृतक के परिजन।

सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कर्मी के भाई सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उनके दो बेटों की शादी होने वाली है। उसी सिलसिले में वह करीब एक साल बाद वह गांव आये थे। गुरुवार की देर शाम वह बाइक से तीयर थाना क्षेत्र के उड़ियान टोला गांव अपनी बहन सुनैना देवी के घर जा रहे थे। उसी दौरान बिहिया थाना क्षेत्र के यादवपुर मोड़ के समीप किसी वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी।

मोबाइल बंद आने पर हुआ अनहोनी का संदेह

इधर, सत्येंद्र कुमार ने बताया कि घर से जाने के काफी देर बाद उनके मोबाइल पर कई बार कॉल किया गया। लेकिन लगातार उनका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ बता रहा था। इससे अनहोनी की आंशका हुई। मन घबराने लगा। इस बीच पुलिस को हादसे की सूचना मिली। उस आधार पर पुलिस पहुंची और उनके मोबाइल से नंबर के जरिए फोन कर घटना की जानकारी दी गयी।

दु:खद...समधी बनने से पहले उठ गयी अर्थी

सत्येंद्र कुमार ने बताया उनके भाई के दो बेटों राखी लाल और धर्मवीर की शादी होने वाली है। दिन तय हो गया था और उसकी तैयारी चल रही थी। एक की शादी नये साल 27, तो दूसरे की 31 जनवरी को होने वाली है। उसी को लेकर वह दस दिन पूर्व गांव आए थे। इसके बाद शादी का न्योता देने बहन के घर जा रहे थे। तभी हादसा हो गया और उनकी मौत हो गयी। बेटों की शादी में समधी बनने से पहले उनकी अर्थी उठी गयी। ऐसे में उनका समधी बनने का सपना अधूरा रह गया। हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। वह अपने पांच भाई वह एक बहन में दूसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी उर्मिला देवी, पुत्र राखी लाल,धर्मवीर, धर्मजीत, बबलू और पुत्री सरिता देवी है। पत्नी उर्मिला देवी और बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

एक नजर

डीडीसी ने दो पीआरएस का काटा वेतन

जहानाबाद। उप विकास आयुक्त परितोष कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षा की गई। मनरेगा अंतर्गत सक्रिय मजदूरों के आधार सीडिंग में खराब प्रदर्शन करने वाले 13 पंचायतों के पंचायत रोजगार सेवकों को बैठक में कारण बताने के लिए बुलाया गया था। पंचायत मनियावां एवं गंधार के पंचायत रोजगार सेवक अनधिकृत रूप से बैठक में अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित दोनों पंचायतों के पंचायत रोजगार सेवकों का एक दिन के मानदेय की कटौती का निदेश दिया गया। समीक्षा में पाया गया कि जिले में विगत एक माह में बीस प्रतिशत से ज्यादा मजदूरों का आधार सीडिंग करते हुए जिले के नब्बे प्रतिशत से ज्यादा मजदूरों का आधार सीडिंग कर लिया गया है। इसे 25 दिसंबर तक शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने निदेश दिया गया कि उन सभी पंचायत रोजगार सेवकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाई की जाएगी जिनके द्वारा 25 दिसम्बर तक शतप्रतिशत सक्रिय मजदूरों का आधार सीडिंग नहीं की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी पंचायत तकनीकी सहायकों को पंचायतवार पोर्टल पर प्रदर्शित जल संचयन से संबंधित योजनाओं की समीक्षा कर अविलंब प्रारंभ करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बिकेश कुमार, सहायक अभियंता मनरेगा एवं सभी कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला उपभोक्ता आयोग में लगाया गया लोक अदालत

जहानाबाद। जिला उपभोक्ता आयोग में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आयोग के अध्यक्ष प्रेम रंजन मिश्रा, सदस्य अरविंद कुमार सिंह एवं विभा कुमारी सिन्हा के उपस्थिति में किया गया। इस दौरान दो मामले का समझौता के आधार पर किया गया। जिसमें एक मुकदमा आईसीआईसीआई जेनरल इंश्योरेंस द्वारा चार लाख नब्बे हजार पर समझौता का चेक पीड़िता ग्राम सुल्तानपुर निवासी शंकर कुमार को दिया गया। वहीं, दूसरा मामले में दुकानदार द्वारा शिकायत कर्ता को समझौता के आधार पर 1900 रुपए दिया गया। अध्यक्ष ने बताया कि इस तरह का लोक अदालत आगे भी होता रहेगा। दूसरी ओर मध्यस्ता केंद्र का उद्घाटन भी अध्यक्ष द्वारा फीता कटकर किया गया। उन्होंने बताया कि आयोग में पांच मध्यस्थ की नियुक्ति की गई है। जिसमें अधिवक्ता अखिलेश कुमार सिंह, विनीता कुमारी, रंगनाथ शर्मा, राजीव कुमार पांडेय एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनीता सिन्हा है। ज्ञात हो को जिला उपभोक्ता आयोग में जो भी नयी शिकायत की जाएगी उसे प्रतिवादी की उपस्थिति के वाद पहले मध्यस्थता हेतु मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाएगा।

सांसद हरिलाल बाबू की मनाई गई 28वीं पुण्यतिथि

जहानाबाद। पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद स्व. हरिलाल प्रसाद सिन्हा की 28वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मांदिल हाईस्कूल के प्रांगण में मनाई गई। हाईस्कूल प्रांगण में स्थापित उनकी मूर्ति पर पूर्व विधायक डॉ. सच्चितानंद यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा आभा रानी, जिला परिषद सदस्य पति साधु यादव, मुखिया श्यामबिहारी यादव, मुखिया अमरनाथ यादव, राजद नेता परमहंस राय, सुरेश यादव, कामेश्वर यादव,अनिल पासवान, पंचायत समिति मनोज यादव,पिंटू उर्फ छोटू यादव,सतीश यादव, मण्डल जी,मतेंद्र बिन्द, गजेंद्र यादव,राजद नेता शैलेश यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सिंटू बाबा सहित कई नेताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया। इस मौके पर पूर्व विधायक यादव ने कहा कि राजनीति एवं समाजसेवा में उन्होंने समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि स्व. हरिलाल बाबू आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा किए गए समाजसेवा के काम को भुलाया नहीं जा सकता है। सैकड़ों युवाओं को राजनीति का ज्ञान सीखाने वाले तथा गरीबों और दलितों को मुख्यधारा के साथ जोड़ने के लिए उन्होंने हमेशा प्रयास किया।

शराब तस्कर को आठ वर्ष की सश्रम सजा

जहानाबाद। विशेष उत्पाद न्यायालय द्वितीय सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार की अदालत ने शुक्रवार को शराब कारोबारी को दोषी पाते हुए आठ वर्ष की सजा और एक लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न देने पर छः माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। दोषी व्यक्ति उत्तर प्रदेश ग्राम सादाबाद हाथरस थाना क्षेत्र निवासी विजय कुमार बताया जाता है। उत्पाद न्यायालय के विशेष लोक अभियोजक प्रमोद कुमार ने बताया कि 19 मई 2017 को सुबह 8:30 बजे के करीब मिली गुप्त सूचना के आधार पर कलेर थानाध्यक्ष ऋतुराज कुमार सिंह अन्य पुलिस बल के साथ कलेर बाजार में पकड़ा था। गाड़ी की तलाशी में 1004 लीटर करीबन शराब बरामद हुई ।थाना अध्यक्ष ऋतुराज सिंह द्वारा कलेर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

क्रिकेट मैच देख लौट रहे दो छात्रों को अज्ञात वाहन ने रौंद डाला, दोनों की मौत

केटी न्यूज/आरा

जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में आरा-बक्सर फोरलेन पर रानीसागर पुलिया के नजदीक शुक्रवार की शाम अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार दो दोस्तों को रौंद डाला। उसमें दोनों दोस्तों की मौत हो गयी। एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मृतकों में शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर गांव निवासी मो. ऐनुल हक का 14 वर्षीय पुत्र मो.अदनान और फिरोज डफाली 14 वर्षीय पुत्र सेराज डफाली थे। दोनों दोस्त और गांव स्थित मदरसा में पढते थे। घटना को लेकर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा। सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। उसके बाद एक छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। दूसरे छात्र के परिजन शव लेकर घर चले गए। पुलिस के अनुसार दोनों छात्र शाहपुर से क्रिकेट का मैच देख शाम में एक ही साइकिल से घर लौट रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन द्वारा उनकी साइकिल में ठोकर मार दी। इधर, छात्र सेराज डफाली के चाचा मुन्ना हाशमी ने बताया कि शुक्रवार शाम दोनों दोस्त साइकिल से शाहपुर फोरलेन पर निकले थे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को रौंद दिया। उसमें सेराज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त अदनान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए शाहपुर अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

सदर अस्पताल में जख्मी किशोर का इलाज करते चिकित्सक

डीएम के आदेश पर मजिस्ट्रेट कर रहे सभी थानों के मालखानों का निरीक्षण

केटी न्यूज/आरा

सारण जहरीली शराब कांड के बाद समूचे सूबे में पुलिस प्रशासन पूरी अलर्ट मोड में आ गया है। इसके तहत जहां अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी की की जा रही है। वहीं थानों में जब्त स्प्रिट की भी मजिस्ट्रेट की निगरानी में जांच करायी जा रही है। ताकि प्राथमिकता के आधार पर जब्त स्प्रिट का विनष्टीकरण किया जा सके।

मद्य निषेध व उत्पाद विभाग के अपर मुख्य सचिव के आदेश के आलोक में भोजपुर में भी मजिस्ट्रेट की निगरानी में सभी थानों के मालखानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसे लेकर भोजपुर डीएम राजकुमार की ओर से सभी थानों और ओपी के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती भी कर दी गयी है। 16 दिसंबर यानी शुक्रवार की शाम पांच बजे तक सभी मजिस्ट्रेट को जांच रिपोर्ट जिला गोपनीय शाखा और उत्पाद आयुक्त के कार्यालय में जमा करने का आदेश जारी किया गया है। डीएम के आदेश के आलोक में दंडाधिकारियों की ओर से थानों एवं ओपी के मालखानों का गहन निरीक्षण किया जा रहा था। डीएम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्पाद और पुलिस थानों के मालखानों का निरीक्षण कर जब्त स्प्रिट की इंवेंट्री बना क जांच के लिए सैंपल केंद्रीय लैबरॉटरी को भेजा जाना है। उसके बाद प्राथमिकता के आधार पर जब्त स्प्रिट का विनष्टीकरण करना है। सारण के मशरख और इशुआपुर सहित अन्य इलाकों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से करीब 40 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं काफी संख्या में लोग बीमार भी हैं।

बच्चों के शरीर पर अचानक आये दाग को न करें नजरअंदाज

- बच्चों में बढ़ते कुष्ठ रोग को लेकर परिजनों को किया जा रहा जागरूक
- जिले में लगभग 335 कुष्ठ के मरीज में 21 बच्चों में कुष्ठ रोग

केटी न्यूज/सासाराम

टीबी और फाइलेरिया के साथ-साथ कुष्ठ बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके लिए समय समय पर अभियान भी चलाया जा रहे हैं। अभियान के माध्यम से रोहतास जिले में कुष्ठ मरीजों की तलाश करके उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं जिले में बच्चों में बढ़ रहे कुष्ठ रोग को देखते हुए जिला कुष्ठ उन्मूलन केंद्र इस प्रसार की रोक थाम में लगा हुआ है। कुष्ठ उन्मुलन केंद्र में प्रतिदिन मरीज पहुँच रहे हैं। वहीं जिला कुष्ठ उन्मूलन केंद्र बच्चों में हो रही कुष्ठ बीमारी को ले कर भी जागरूक कर रहा है। ताकि शुरूआती दौर में ही इसे रोका जा सके। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 335 के आसपास कुष्ठ पीड़ित मरीज हैं । जिनमें 19 बच्चे कुष्ठ से पीड़ित हैं। इनका इलाज सासाराम सदर अस्पताल में जारी है।

कुष्ठ उन्मूलन को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति प्रयासरत : जिला कुष्ठ नियंत्रण केंद्र के प्रभारी सह एसीएमओ डॉ अशोक कुमार ने बताया कि जिले से कुष्ठ बीमारी को मिटाने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ भी एक लाइलाज बीमारी है। इसलिए लक्षण दिखाई देने पर जांच जरूर करवाएं । उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पताल में कुष्ठ का इलाज, दवाइयां एवं किट मुफ्त उपलब्ध मुहैया करायी जाती है।

कुष्ठ के शुरूआती दौर में पहचान जरूरी

जिला कुष्ठ उन्मुलन केंद्र के सहायक चिकित्सक जयप्रकाश राजभर ने बताया कि अगर कुष्ठ रोग की शुरूआती दौर में पहचान कर इलाज नहीं कराया गया तो यह रोग विकलांगता का रूप ले लेता है। इसलिए शुरूआती दौर में इसकी पहचान होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ साथ बड़ों के शरीर पर अचानक किसी प्रकार का दाग उभर आये और उक्त दाग में सुन्नपन न हो। इसके अलावा हाथ या पैर में सुन्नपन एवं झीनझीनी जैसा हो रहा हो तो एक बार कुष्ठ की जांच जरूर करवाएं। उन्होंने बताया कि कुष्ठ को लेकर जांच एवं ईलाज सभी नि:शुल्क होता है। बच्चों बढ़ते कुष्ठ बीमारी को देखते हुए लोगों को लागतार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष की उम्र के बाद बच्चों में कुष्ठ बीमारी होने का ज्यादा संभावना रहता है क्यों कि उसके पहले बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होता है। इसलिए लोगों की सलाह दी जाती है की बच्चों के शरीर पर अचानक कोई दाग दिखाई दे तो इसकी जांच जरूर करवाएं।



खबरें फटाफट

अर्द्धनिर्मित शराब किया विनष्ट

कृष्णाब्रह्म। शुक्रवार को कृष्णाब्रह्म पुलिस ने शराब तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 200 लिटर अर्द्धनिर्मित शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट किया गया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि छोटका ढकइच तथा अरियाव गांव में अवैध रूप से शराब का कारोबार किया जा रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने अपना जाल बिछाया जिसमें शुक्रवार को दोनों गांवो में छापेमारी की गई। छोटका ढकाईच गांव के अनुसूचित बस्ती से 120 लिटर व अरियांव गांव से 80 लिटर अर्ध निर्मित महुआ शराब बरामद हुआ। जिसे जमीन पर गिरा विनष्ट कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तस्करों की पहचान की जा रही है।

आवास योजना की हुई समीक्षा

राजपुर। शुक्रवार को राजपुर बीडीओ इंदुबाला सिंह ने अपने कार्यालय में प्रखंड के सभी इंदिरा आवास सहायकों के साथ बैठक की। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कराए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा जिन लाभुकों के पक्का मकान बन गया है, उन्हें जल्द से जल्द मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान करने का आदेश दिया। बीडीओ ने प्रथम किश्त के भुगतान के बाद भी मकान निर्माण शुरू नहीं कराने वाले लाभुकों की सूची भी अगले बैठक में मांगी है। उन्होंने कहा कि पैसा लेकर काम नहीं कराने वाले लाभुकों के राशि की रिकवरी कराई जाएगी। बैठक में इंदिरा आवास सहायक राहुल कुमार, प्रभा शंकर मिश्र समेत कई अन्य आवास सहायक मौजूद थे

गरीब महादलितों को दिया गया कंबल

डुमरांव। ठंढ से ठिठुरते जीवन को बिना उम्मीद के गर्मी मिल जाए तो उस आनंद के क्या कहने। यही हुआ शुक्रवार को नंदन गांव के गरीब लोगों को साथ। बीडीओ संतोष कुमार सिंह अचानक नंदन पहुंचे। महादलित बस्ती में गये। उन्होने बस्ती में अत्यंत गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने लाचार बुजुर्गों को चिन्हित कर कंबल दिया। नंदन में 11 गरीब महादलित परिवार के बुजुर्ग लोगों को कंबल प्रदान किया गया। ठंड में ठिठुरते गरीब लाचार लोग हाथ में कंबल पाते ही बेहद खुश नजर आ रहे थे। उनके चेहरे की खुशी देखने लायक थी। इस मौके पर बोलते हुए बीडीओ ने समाज के प्रबुद्ध और साधन संपन्न लोगों से ऐसे गरीब लोगों की मदद से आगे आने का आह्वान किया।

निखिल की धुआंधार बल्लेबाजी की बदौलत डुमरांव ने भदोही को छह विकेट से हराया

- निखिल के चौके छक्के के तूफान में उड़ा भदोही, रोमांचित हुए दर्शक
- शनिवार को रांची और डुमरांव की टीम के बीच होगा मुकाबला

केटी न्यूज/डुमरांव

राज हाई स्कूल के खेल मैदान में शुक्रवार को चौकों व छक्कों की बारिश देखने को मिली। इस बारिश में मेजबान डुमरांव की रविकांत एकादश की टीम ने उत्तर प्रदेश के भदोही की टीम को एक तरफा अंदाज में छह विकेट से मात दे शान से सेमीफाईनल में प्रवेश किया। डुमरांव की इस जीत के हीरो रहे युवा बल्लेबाज निखिल ने महज 59 गेंदों पर आठ चौकों व छह छक्कों के सहारे 92 रन कूट डाले। मैच में टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भदोही की टीम ने निर्धारित 21 ओवरों में 9 विकेट गंवा कर 187 रन का मजबूत स्कोर बनाया था। भदोही के लिए दीपांकर ने 58 व यश सिंह ने 50 रन बनाए। रविकांत एकादश की तरफ से अक्षय ने तीन जबकि विनीत और सूर्य प्रताप को दो विकेट मिले। 188 रन का पीछा करने उतरी डुमरांव की टीम की शुरूआत काफी तेज रही। ओपनर बल्लेबाजों रजनीश व निखिल के बीच 70 रन की बेहतरीन साझेदारी हुई। रजनीश व नीखील के बीच हुई। रजनीश के आउट होने के बाद भी निखिल ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। आउट होने से पहले निखिल ने 59 गेंदों ने 92 रनों की धुंआधार पारी खेलते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अपनी पारी के दौरान 8 चौके और 6 छक्के लगाए।

निखिल के बाद नवनीत ने भी 27 गेंदों में 42 रन बना मेजबान टीम के जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसमें चार गगनचुंबी छक्का शामिल था। रविकांत एकादश ने 20 वें ओवरों ही मात्र चार विकेट खो लक्ष्य हासिल कर लिया। निखिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उसे आयोजन समिति के विजय चौधरी ने अपने हाथों मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इसके पहले इस मैच के मुख्य अतिथि के रूप में संजय तिवारी, नंदजी सिंह, अरूण सिंह आदि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। बताया जाता है कि शनिवार का मैच रांची और डुमरांव के बीच खेला जाएगा। मैच में अंपायर की भूमिका वेद प्रकाश व राजीव कमल मिश्रा ने निभाई। जबकि मनोज कुमार और अजितेश कुमार ने अपने कमेंट्री से सबका ध्यान आकर्षित किया। स्कोरर के रूप में चेतन और सतीश जायसवाल रहे। आयोजक क्लब 11 स्टार के वरिष्ठ सदस्य व विधायक प्रतिनिधि संजय शर्मा ने कहा कि मेजबान टीम का मैच देखने के लिए 20 हजार से अधिक दर्शक मैदान में मौजूद थे।

मैच के पूर्व परिचय प्राप्त करते अतिथि

बेहतर बल्लेबाजी करने पर निखिल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि

पंचायत के वार्ड दो स्थित अमसारी गांव में ब्लास्ट कर गई पानी टंकी, गुणवत्ता पर उठे सवाल

भ्रष्टाचार का खेल: डेढ़ साल के अंदर ही फट कर बर्बाद हो गई पानी की टंकी

- लगाने के बाद से ही फट गई थी अनुसूचित जाति बस्ती की पानी टंकी
- पानी की टंकी फटने से ग्रामीणों में आक्रोश

केटी न्यूज/चौगाई

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट सात निश्चय योजना की सबसे महत्वपूर्ण हर घर नल योजना में लूट खसोट की कलई अब खुलने लगी है। इस योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। जिस कारण पंचायतों की बात तो दूर प्रखंड के किसी एक वार्ड के ग्रामीणों को भी शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। ताजा मामला खेवली पंचायत के वार्ड दो स्थित अमसारी पश्चिम टोला का है। इस टोला में जलापूर्ति के लिए आजाद सिंह के दरवाजे पर लगाई गई पानी टंकी गुरूवार को ब्लास्ट कर गई है। जिस कारण आस पास में पानी जमा हो गया है जबकि इस पानी टंकी से जुड़े लोगों के समक्ष पेयजल का संकट गहरा गया है। टंकी फटने पर ग्रामीणों ने इसके गुणवत्ता पर सवाल उठाए है।

ग्रामीणों की मानें तो डेढ़ वर्ष पहले यहा पानी टंकी स्थापित किया गया था। तब वार्ड सदस्या देव कुमारी देवी थी। 18 लाख रूपए की प्राक्कलित राशि से बनी इस पानी टंकी के फटने से इस बात के प्रमाण मिल गए है कि इसमें बड़े पैमाने पर लूट खसोट की गई है तथा जानबूझकर घटिया टंकी लगाया गया था। टंकी फटने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

लगाने से साथ ही फट गई थी अनुसूचित जाति बस्ती की पानी टंकी : ग्रामीणों की मानें तो डेढ़ वर्ष पहले 18-18 लाख रूपए की लागत से वार्ड दो और गांव के अनुसूचित जाति बस्ती में पानी टंकी लगाया गया था। लेकिन अनुसूचित जाति बस्ती का पानी टंकी लगाने के साथ ही फट गया था। जिस कारण इस बस्ती के लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। बस्ती वालों की मानें तो उन्हें पेयजल के लिए दूसरे मोहल्लों पर निर्भर रहना पड़ता है।

बड़े पैमाने पर की गई है धांधली : जानकारों की मानें तो खेवली सहित प्रखंड के सभी पंचायतों में सात निश्चय योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है। विभागीय अधिकारियों द्वारा समय रहते इसकी जांच भी नहीं की गई है। जानकारों का कहना है कि घटिया मेटेरियल का उपयोग कर मानक का माखौल उड़ाने से ग्रामीणों का इस योजना का लाभ धरातल पर नहीं मिल पा रहा है। हालांकि भले ही इस पर विभागीय अधिकारी चुप्पी साध लिए हो लेकिन घटिया मेटेरियल अब खुद इस बात के प्रमाण देने लगे है कि योजना में कितने बड़े स्तर पर सरकारी राशि का दुरूपयोग किया गया है।

इस संबंध में चौगाई बीडीओ तेज बहादूर सुमन से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया। लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। जिस कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

पानी टंकी के उड़े चिथड़े

नगर निकाय चुनाव को लेकर वोटरों के बीच भय मुक्त माहौल बनाने के लिए फ्लैग मार्च

बक्सर नगर परिषद के 42 वार्डों के लिए बनाए गए 136 मतदान केंद्र

- फ्लैग मार्च में शामिल रहे अंचल पुलिस निरीक्षक व नगर तथा औद्योगिक थानाध्यक्ष

केटी न्यूज/बक्सर

नगर परिषद के चुनाव में प्रथम चरण के मतदान हेतु अब केवल एक ही दिन शेष बचा है। जिले में हर हाल में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हो, इसके लिए देर शाम बक्सर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। साथ ही मतदाताओ को भयमुक्त शांति पूर्ण मतदान करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान नगर बूटों की आवाज से गूंज उठा। मार्च का नेतृत्व अंचल पुलिस निरीक्षक मुकेश कुमार कर रहे थे। उनके साथ नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार तथा औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। यह फ्लैग मार्च वीरकुंवर सिंह चौक, गोलम्बर, सिंडिकेट, से होते हुए पीपरपांती रोड के रास्ते मॉडल थाना चौक तक पहुंचा।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निकाय चुनाव को पारदर्शी, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। बता दे कि 18 दिसम्बर को बक्सर नगर परिषद के साथ चौसा नगर पँचायत और ब्रम्हपुर नगर पंचायत के लिए मतदान होने है। जिसके लिए मतदान केंद्रों को तैयार कर लिया गया है। बक्सर नगर परिषद के लिये 42 वार्डों के लिए 136 मतदान केंद्र बनाए गए है। वहीं, चौसा नगर पंचायत में 14 वार्ड के लिए कुल 21 मतदान केंद्र बनाए गए है। ब्रह्मपुर नगर पंचायत के लिए 13 वार्डों के लिए 21 मतदान केंद्र बनाए गए है।

नप चुनाव के पहले पुलिस की बड़ी कार्रवाई : निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए एसपी नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस ने फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पिछले एक सप्ताह के अंदर दर्जनों वारंटियों को जेल भेजा गया है जबकि 14 की संपति कुर्क की गई है। यह कार्रवाई स्पेशल ड्राइव के तहत की गई है। टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि लंबित कांडों के निष्पादन के साथ-साथ फिलहाल नगर परिषद चुनाव को लेकर स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चुनाव पूर्व सभी फरार अपराधियों व वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मरने वाले गरीब हैं इसलिए संवेदनहीन हो गए सीएम नीतीश कुमार: अश्विनी चौबे

- राज्य में फर्जी शराबबंदी की कीमत जान देकर चुका रही है जनता

केटी न्यूज / बक्सर

शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि बिहार में जहरीली शराब को पीकर मरने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। अभी तक जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या 65 लोगों की हो गई है। इस दुखद मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजनीति कर रहे हैं। वे संवेदनहीन बयान इसलिए दे रहे हैं क्योंकि मरने वाले गरीब हैं। बिहार के सबसे संवेदनहीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। राज्य में फर्जी शराबबंदी की कीमत बिहार की जनता को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है। बिहार में शराब से मौत का मातम है और वह मुस्कुराते हुए संवेदनहीन बयान दे रहे हैं।

महागठबंधन शराब माफिया को प्रश्रय दे रहा है। प्रशासन का सहयोग मिलता है। बिहार की जनता राजद जनता दल यूनाइटेड कांग्रेस और उनके अन्य सहयोगी दलों को देख रही है। समझ रही है। जब रोम जल रहा था, नीरो बंसी बजा रहा था। वही हाल नीतीश कुमार का है, बिहार में मातम पसरा हुआ है और वह जले पर नमक छिड़क रहे हैं। मौत को हंसी में उड़ा रहे हैं।



केसठ में प्रखंड कार्यालय बनाने के लिए आधा दर्जन किसानों की जमीन होगी अधिग्रिहीत

प्रखंड कार्यालय का होगा अपना भवन, जल्द शुरू होगा निर्माण

- बीडीओ ने प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण करने के बाद दी हरी झंडी
- फिलवक्त किसान भवन में संचालित हो रहा है प्रखंड कार्यालय

केटी न्यूज/केसठ

लंबे समय से उधार के भवन में चल रहे केसठ प्रखंड कार्यालय का जल्दी ही अपना भवन नसीब होगा। शुक्रवार को बीडीओ ने जमीन चयनित कर इसका प्रस्ताव जिला प्रशासन व राज्य सरकार को भेजा है। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद ही प्रखंड कार्यालय के नए भवन का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

केसठ प्रखंड कार्यालय के लिए स्थानीय गांव के छह किसानों ने अपनी कीमती जमीन का अधिग्रहण कराया है। जिन किसानों का जमीन अधिग्रिहीत हुआ है उनमें केसठ के राधाकृष्ण यादव, शंकर यादव, श्रीकृष्ण यादव, बहादुर महतो एवं सर्वदेव ने साढ़े तीन बीघा भूमि प्रखंड कार्यालय के लिए देने की पेशकश बीडीओ से की थी। बाद में बीडीओ की पहल पर ही किसानों ने जिलाधिकारी को आवेदन भेज इसकी कंकरी दी है। आवेदन पर जिलाधिकारी अमन समीर ने केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा को उक्त जमीन का निरीक्षण कर उसकी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। इसके बाद शुक्रवार को बीडीओ ने किसानों द्वारा दान की गई जमीन का भौतिक निरीक्षण किया। बीडीओ ने इसका रिपोर्ट जिला मुख्यालय में भेजने की बात कही है।

बताया जा रहा है कि प्रखंड कार्यालय के लिए चिन्हित जमीन किसान भवन के पीछे है। वहीं, प्रखंड कार्यालय को जमीन देने वाले किसानों को भूमि का उचित मुआवजा सरकार से मिलने की बात भी बीडीओ ने कहा है। ज्ञात हो कि केसठ को 1995 में प्रखंड का दर्जा मिलने के बाद शुरूआती दौर में प्रखंड कार्यालय का संचालन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन में शुरू हुआ था। यहा वर्ष 1999 तक प्रखंड कार्यालय का संचालन भी हुआ था। वर्ष 1999 में ही प्रखंड कार्यालय को किसान भवन में शिफ्ट किया गया था। आज तक इसका संचालन इसी जगह पर हो रहा है। बता दें कि प्रखंड कार्यालय के लिए समुचित भवन नहीं होने पर कई कार्यों के लिए बरामदे में अलमुनियम व शीशे से घेरा बनाया गया था। जिससे कर्मियों के साथ ही अपने कार्यो का निष्पादन कराने आने वाले आम जनता को भी जगह के अभाव में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन किसानों की पहल के बाद अब उम्मीद हो गया है कि जल्दी ही प्रखंड कार्यालय का अपना भवन होगा।

बीडीओ ने बताया कि नए प्रखंड कार्यालय भवन में कई आधुनिक सुविधाएं भी रहेगी। जिससे कार्यो के निष्पादन में सहूलियत मिलेगी। प्रखंड कार्यालय के लिए नया भवन बनने की जानकारी मिलते ही प्रखंडवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बीडीओ ने बताया कि नए साल में प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

जमीन का निरीक्षण करते बीडीओ व अन्य

एक नजर

15 छात्र-छात्राओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

बक्सर। जिला मुख्यालय स्थित आई क्लासेस कोचिंग सेंटर में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में रक्तदान का शिविर आयोजन किया गया। जहां कोचिंग संस्थान के युवाओं व छात्रों में रक्तदान शिविर में बढचढ कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में कुल 15 युवाओं व छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया. सबसे अहम बात रही कि इस रक्तदान शिविर में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाई। रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान मे रक्तदान को लेकर युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहे है। जिससे आवश्यक लोगों को रक्त की आवश्यकता को पूरी की जा सके। इस कार्य को लेकर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ श्रवण कुमार तिवारी के द्वारा शिक्षण संस्थान को धन्यवाद किया। युवाओं और बच्चियों को ब्लड डोनेशन देने पर होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी।

22 दिसम्बर को नगर भवन में लगेगा ऋण कैंप

बक्सर। जिला में 22 दिसंबर को पीएमईजीपी योजना के तहत नगर भवन में ऋण शिविर का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी अमन समीर ने इस ऋण कैंप में सभी बैंकों के समन्वयक को हिस्सा लेने हेतु कहा है तथा महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बक्सर को निर्देश किया गया है कि इस ऋण शिविर का प्रचार प्रसार हो। जिले में पीएमईजीपी के तहत 130 के लक्ष्य के विरुद्ध बैंकों के द्वारा कुल 115 आवेदन की स्वीकृति की गई है। इस संदर्भ में उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी बैंकों को आवश्यक निर्देश दिया गया है कि वे सभी स्वीकृत आवेदन को जल्द से जल्द वित्त पोषित कराएं। अध्यक्ष के द्वारा सभी बैंकों के समन्वयक से सर्टिफिकेट केस के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि सभी बैंक बड़े सर्टिफिकेट केस का डाटा प्रस्तुत करेंगे। जिससे सर्टिफिकेट केस से संबंधित ऋण धारकों पर वसूली हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अंत में जिला पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी सभी पदाधिकारियों को आने वाले नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गइ। बैठक में उप विकास आयुक्त बक्सर, वरीय उप समाहर्ता बैंकिंग, आरबीआई के एलडीओ,जीविका, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बक्सर एवं जिले के सभी बैंक समन्वयक उपस्थित रहे।

सिमरी में सरकारी गड्ढों को किया गया अतिक्रमणमुक्त

सिमरी। सरकारी जलाशयों को अतिक्रमणमुक्त करने के हाई कोर्ट के निर्देश के तहत अंचल प्रशासन ने शुक्रवार को राजापुर पंचायत के नवरंग राय के डेरा गांव में सरकारी गड्ढें को अतिक्रमणमुक्त कराया। सिमरी सीओ कौशल कुमार, थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर तथा रामदास राय के डेरा ओपी प्रभारी संजय विकास त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने जेसीबी व मजदूरों के सहारे नवरंग राय के डेरा गांव में सरकारी गड्ढें का अतिक्रमण कर प्राचीन जलसंचय के महत्वपूर्ण श्रोत पर घर बना उसके अस्तित्व को चौपट करने वाले तीन अतिक्रमणकारियों के निर्माण को ध्वस्त कर उन्हें दुबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई। जबकि एक अतिक्रमणकारी को लगे हाथ नोटिस थमा 14 दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासनिक टीम द्वारा हरिहर यादव, चंद्रमा राय और सागर गोंड द्वारा सरकारी जमीन पर निर्मित घर को तोड़ा गया है। सीओ कौशल कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अतिक्रमणकारियों को दुबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि अंचलभर में सरकारी जलाशयों को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा।

गंगा समग्र के संयोजक बने अजय कुमार वर्मा

बक्सर। शुक्रवार को गंगा समग्र बक्सर जिला दक्षिण बिहार इकाई की बैठक स्थानीय कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रुप से गंगा समग्र के राष्ट्रीय मंत्री रामाशंकर सिन्हा और दक्षिण बिहार के संयोजक शंभू नाथ पांडेय उपस्थित रहे। शंभू नाथ पांडेय ने बताया कि यह एक कामकाजी बैठक था। राष्ट्रीय मंत्री एक स्थानीय कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे। इसी क्रम में गंगा समग्र के जिला इकाई का भी बैठक आहूत किया गया था। उन्होंने बताया कि आगामी 10, 11 और 12 फरवरी को बेगूसराय में गंगा समग्र का राष्ट्रीय अधिवेशन होने वाला है। जिसमें बक्सर जिले से भी प्रतिनिधियों को जाना है। जबकि रामाशंकर सिन्हा ने बताया कि गंगा समग्र सिर्फ गंगा ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण जल की चिंता करता है। आने वाले समय मे जल को लेकर पूरे विश्व में युद्ध छिड़ने वाला है। जिसको लेकर गंगा समग्र पूरे भारत वर्ष में जनता को जागृत करने का कार्य कर रहा है। गंगा समग्र गंगा के अलावा उसकी सहायक नदी, कुंआ, तालाब, आहार, पाइन आदि पर भी जनजागरण का कार्य कर रहा है। बैठक में जिला संयोजक बक्सर के रूप में अजय कुमार वर्मा (बक्सर), सरिता कुमारी बक्सर जिला गंगा सेविका प्रमुख, विभाग संयोजक हरिशंकर गुप्ता और नगर संयोजक जयंत कुमार (छोटकी सारिमपुर, बक्सर) की घोषणा की गई।

शहर छोटी खबरें

पोस्टमास्टर जनरल ने डाक सेवाओं का लिया जायजा

बलिया। डाक विभाग नित नवाचार के साथ अपनी सेवाओं को व्यापक बना रहा है तथा एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर कस्टमर-फ्रेंडली वातावरण में कार्य कर रहा है। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने डाक अधीक्षक, बलिया मण्डल कार्यालय के वार्षिक निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए। समीक्षा के दौरान पोस्टमास्टर जनरल द्वारा वाराणसी परिक्षेत्र के अंतर्गत सर्वाधिक बचत खाते खोलने हेतु बलिया मंडल के प्रयासों की सराहना की। डाकघर अधीक्षक श्री संजय त्रिपाठी ने पोस्टमास्टर जनरल को बलिया में डाक सेवाओं की प्रगति के संबंध के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

राम गोविंद ने कटान पीड़ितों का हालचाल जाना

बलिया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में मैराथन दौरा कर लोगों का हालचाल जाना और घाघरा नदी से कटान प्रभावित सुल्तानपुर में कटान पीड़ितों का कुशल क्षेम पूछा। उन्होंने खदीपुर में नदी के कटान को भी देखा। श्री चौधरी सुल्तानपुर में घाघरा नदी के कटान को देखने के लिए मौके पर भी पहुंचे। वहां बड़ी संख्या में कटान पीड़ित किसान मौजूद थे। उन्होंने कटान पीड़ितों को आश्वस्त किया कि नदी के कटान को रोकने के लिए वह शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी से मिलेंगे व किसानों की पीड़ा से अवगत कराएंगे। आपको जानकारी दे दें कि घाघरा नदी पिछले दो साल में हजारों एकड़ उपजाऊ खेती की जमीन को नदी में विलीन कर दिया

रजत पदक प्राप्त करने पर नैंसी को किया गया सम्मानित

मऊ। राष्ट्रीय महिला जूनियर बास्केटबॉल में रजत पदक प्राप्त कर करने वाली नैंसी गुप्ता को शुक्रवार के दिन सम्मानित किया गया। गुप्ता सर्जिकल हॉस्पिटल मऊ के चेयरमैन पूर्वांचल के ख्यातिलब्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर पीएल गुप्ता ने नैंसी गुप्ता को कोपागंज के ओड़ियाना बाजार स्थित उनके आवास पर 25000 रुपए का चेक के साथ मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. पीएल गुप्ता ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद एवं सामाजिक ज्ञान का होना प्रतिभा विकास में सहायक होता है। उन्होंने आशा और विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि नैंसी इंटरनेशनल लेवल तक जाकर भारत के पक्ष में मेडल जीतकर लाए।

माफिया मुख्तार अंसारी पर 1978 से अब तक कुल 80 व भीम सिंह पर 35 मुकदमें दर्ज

केटी न्यूज/गाजीपुर

- मुख्तार के चर्चित मुकदमों में मुगलसराय में आरक्षी हत्याकांड, विधायक कृष्णानन्द राय हत्याकांड, रुंगठा अपहरण हत्याकांड, अवधेश राय हत्याकांड शामिल

शासन स्तर से माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस की सक्रियता से उत्तर प्रदेश के चिन्हित कुख्यात माफिया आईएस- 191 गैंग के सरगना मुख्तार अंसारी एवं सहयोगी को ट्रायल कोर्ट द्वारा गैंगस्टर के एक मामले में दोषी पाया गया है। मुख्तार अंसारी एवं उसके सहयोगी को कोर्ट ने दस वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। देखा जाए तो मुख्तार अंसारी को ट्रायल कोर्ट से पहली बार सजा सुनाई गई। बता दें कि मुख्तार अंसारी पर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 192/98 अन्तर्गत धारा 3 (1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में की गई प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय अपर जिला व सत्र न्यायालय चतुर्थ गाजीपुर द्वारा 15 दिसंबर 2022 को गैंग के एक अन्य साथी भीम सिंह को दोष सिद्ध करार देते हुए 10-10 वर्ष की सश्रम कारावास व 05-05 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। आईएस-191 गैंग के सरगना मुख्तार अंसारी एवं उसके सहयोगी भीम सिंह के अपराधिक इतिहास भी काफी लंबा है।

गाजीपुर से लेकर मोहाली तक विभिन्न थानों में दर्ज हैं मामले : माफिया मुख्तार के खलाफ हत्या, हत्या की कोशिश, आमर्स एक्ट, गुंडा एक्ट आदि मामलों के कुल 80 मामले दर्ज हैं। इनमें कुछ मामले इस प्रकार से हैं। गाजीपुर जनपद के सैदपुर थाना में दो, मुहम्मदाबाद में नौ, कोतवाली थाना में नौ, भावरकोल थाना में एक व करंडा थाना में दो मामले दर्ज हैं। वहीं, वाराणसी के कैंट थाना में तीन, बड़ागांव थाना में एक, चेतगंज थाना में एक व भेलूपुर थाना में चार केस हैं। चंदौली जनपद के मुगलसराय थाना में एक प्राथमिकी दर्ज है। नई दिल्ली के तिलकमार्ग थाना में एक, केजी मार्ग थाना में एक तथा लोदी कॉलोनी स्थित स्पेशल सेल थाना में एक मामला दर्ज है। सोनभद्र जनपद के अनपरा थाना में एक मुकमदा दर्ज है। आगरा जनपद के जगशीदपुर थाना में एक मामला दर्ज है। लखनऊ जनपद हजरतगंज थाना में पांच, आलमबाग थाना में दो व कृष्णा नगर थाना में एक मामला दर्ज है। मऊ जनपद कोतवाली थाना में तीन, दक्षिण टोला थाना में चार व सरायलखांची थाना में दो मामले पंजिकृत हैं। साथ ही, आजमगढ़ जनपद के तरवां थाना में दो तथा बाराबंकी जनपद के कोतवाली थाना में दो मामले दर्ज हैं। यहां तक कि पंजाब के मोहाली ससनागर जनपद के माठोर थाना में भी एक मामला दर्ज है। इसी प्रकार मुख्तार अंसारी के सहयोगी भीम सिंह पर इन्हीं थानों में कुल 35 मामले दर्ज हैं।

वर्ष 1978 में पहला एफआईआर

गाजीपुर। माफिया मुख्तार असारी के विरुद्ध वर्ष 1978 से लेकर अब तक कुल 80 अभियोग पंजीकृत है। जिसमें थाना मुगलसराय में आरक्षी हत्याकांड, तत्कालीन विधायक मुहम्मदाबाद कृष्णानन्द राय हत्याकांड, रुंगठा अपहरण हत्याकांड, अवधेश राय हत्याकांड मुख्य रूप से चर्चित अपराध रहा है। शासन द्वारा चिन्हित अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गाजीपुर पुलिस द्वारा मुख्तार अंसारी व उनके सहयोगियों से संबंधित संगठित अपराध से अर्जित कुल 150 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की अवैध तथा बेनामी संपत्तियों को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत कुर्क कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त मुख्तार अंसारी व उनके सहयोगियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित सम्पत्तियों को चिन्हित कराते हुए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 की तैयारियों का जिलाधिकारी ने खींचा खाका

मतदान केंद्रों पर लाइट, शौचालय, पानी की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करें : डीएम

- जिलाधिकारी ने की निकायवार तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों में बांटी जिम्मेदारी
- अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने तथा तस्करी पर रोक लगाने का दिया सख्त निर्देश

केटी न्यूज/गाजीपुर

जिलाधिकारी व एसपी के साथ मौजूद अधिकारीगण

जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने शुक्रवार को नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें जिलाधिकारी ने निकाय वार तैयारियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न निर्देश दिए। कहा कि मतदान केंद्रों पर लाइट, शौचालय, पानी की जो भी व्यवस्था हो उसे तत्काल दुरुस्त करें। तैयारी बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ सामान्य निर्वाचन 2022 को लेकर आयोग के निदेर्शानुसार शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही, निदेर्शों के अनुपालन में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने अब तक किए गए कार्यों के समीक्षा की। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने अराजकतत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कभी भी आचार संहिता लग सकती है। इसलिए नगर निकाय चुनाव को संपन्न करने के लिए जिसको जो दायित्व सौंपा गया है, वह उसके अनुसार अपनी कार्रवाई सुनिश्चित कर लें, ताकि व्यवस्था दुरुस्त रहें।

गाइड लाइन के अनुसार ही शस्त्रों को जमा कराने की हो कार्रवाई : बैठक में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर से दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा अपने आचरण व्यवहार को निष्पक्ष रखते हुए निरोधात्मक कार्रवाई करें तथा शासन की गाइड लाइन के अनुसार ही शस्त्रों को जमा कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने अवैध शराब पर पाबंदी लगाते हुए इसकी बराबर जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी विरा अरूण कुमार सिंह, एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी, एसपी ग्रामीण, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

अतिसंवेदनशील व संवेदनशील बूथों पर पैनी नजर रखें अधिकारी

जिलाधिकारी ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों पर पैनी नजर बनाये रखने का निर्देश दिया। समस्त उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को आबकारी अधिकारी के साथ टीम सक्रिय करते हुए अभियान चलाकर अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने तथा तस्करी पर रोक लगाने का निर्देश दिया। कहा कि चुनाव के दौरान दबंगों द्वारा छोटे समुदाय के लोगों को वोट डालने से रोकने की शिकायत न आने पाए, वोट देना सभी का अधिकार है। इसके लिए पूर्व में ही जांच कर संज्ञान में ले लिया जाए कि इस तरह की घटना जनपद में कही भी न घटित हो। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को अगले 03 दिनों में समस्त बूथों का स्थलीय सत्यापन करते हुए वहां की मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेने तथा चुनाव प्रभावित करने वालों को चिन्हित कर उन पर 107/16 की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने जेल में निरुद्ध बंदियों का जाना हाल

केटी न्यूज/गाजीपुर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में शुक्रवार को जिला कारागार गाजीपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे द्वारा शिविर का आयोजन एवं जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गई एवं उनके अधिकार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी भी दी।

जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1118 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 1015 पुरूष, 44 महिला, महिला बंदियों के साथ कुल दो बच्चे निरूद्ध है व 59 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-दलिया, चाय, दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, मूली) शाम का भोजन-रोटी, चावल, चना, उरद की दाल, सब्जी (आलू, गोभी)। सचिव ने पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। जिससे जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके।

छात्र नेता ने की आत्मदाह की कोशिश

केटी न्यूज/बलिया

छात्र नेता को हिरासत में लेते पुलिसकर्मी

गालीबाज शिक्षक की गिरफ्तारी ना होने से आहत पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक व वरिष्ठ छात्र नेता नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह करने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। बताया जाता है कि बीते दिनों सतीशचंद्र कॉलेज में अवैध वसूली का विरोध करने पर कॉलेज के ही एक शिक्षक ने छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने के साथ गालीगलौज का वीडियो सोशल मीडिया वायरल होने के बाद पुलिस ने गालीबाज शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसके बाद शिक्षक समस्त कॉलेजों का पठन-पाठन ठप कर धरने पर चले गए थे। इधर आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू के नेतृत्व में छात्रगण टीडी कॉलेज में भूख हड़ताल शुरू किया था।

अधिकारियों के आश्वासन पर शिक्षकों का धरना समाप्त हो गया, लेकिन शिक्षक की गिरफ्तारी ना होने से नागेंद्र बहादुर सिंह ने 16 दिसंबर को कलेक्ट्रेट में आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। जिसको लेकर पूरा कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस छावनी में तब्दील रहा। इसबीच एक बाइक पर नागेंद्र बहादुर सिंह कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। उन्होंने अपने ऊपर तेल डालना शुरू ही किया था कि मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया और कोतवाली लेकर चले गए। इस दौरान पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में गहमा-गहमी की स्थिति रही।

एक नजर

फंदे से लटका मिला सिपाही का शव

मऊ। महराजगंज जिले के बृजमनगंज थाने में तैनात सिपाही नन्दलाल (25) का शव बृहस्पतिवार को उनके कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रथम दृटया इसे आत्महत्या मान रही है, लेकिन कारण स्पष्ट नहीं है। सिपाही नन्दलाल सिंह मूलरूप से मऊ जिले के अपडड़ियां हरिपार दोहरीघाट के रहने वाले थे। बताया जाता है कि वर्ष 2022 में बृजमनगंज थाने में उनकी पहली तैनाती थी। वह अपने एक साथ के सिपाही सतेंद्र राजभर के साथ कस्बे में फरेंदा रोड पर किराये के मकान में रहते थे। बुधवार रात नन्दलाल आवास पर थे और साथी सिपाही सतेंद्र राजभर थाने में रात्रि ड्यूटी पर गए हुए थे। बृहस्पतिवार रात करीब 2:30 बजे सतेंद्र ड्यूटी से जब आवास पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज के बाद जब दरवाजा नहीं खुला तो इसकी जानकारी थाने में दी। कुछ ही देर में थानाध्यक्ष सहित क्षेत्राधिकारी फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र मौके पर पहुंचे। दरवाजे को तोड़ा गया तो कमरे में छत की कुंडी से केबल के सहारे नन्दलाल का शव लटक रहा था। थानाध्यक्ष अजित सिंह ने बताया कि मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। मौत के कारणों के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

स्टेशन को हाल्ट बनाए जाने पर भड़के लोग

मऊ। कोपागंज रेलवे स्टेशन को हाल्ट बनाए जाने की भनक लगते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर चेतावनी दी कि कोपागंज रेलवे स्टेशन को हाल्ट बनाए जाने की कोशिश हुई, तो जमकर विरोध प्रदर्शन और आन्दोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि पूर्व में भी कोपागंज रेलवे स्टेशन रहा है और इस क्षेत्र के लिए रेलवे स्टेशन काफी मायने रखता है। पूर्व में भी यहां के व्यापारी बुनकर और क्षेत्रवासी ट्रेन से यात्रा तो करते ही थे बड़े पैमाने पर माल की ढुलाई भी ट्रेनों से होती थी लेकिन रेलवे विभाग द्वारा हाल्ट बनाए जाने से क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो जाएगा और लोग देश के विभिन्न शहरों में यहां से ट्रेन से यात्रा नहीं कर पाएंगे। जितेंद्र गोयल ने कहा कि हाल्ट बन जाने से महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव भी नहीं होगा जिससे लोगों को बड़े शहरों में जाने के लिए काफी दिक्कत उठाने पड़ेगी।

पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी समेत 71 पर आरोप तय

बलिया। सिविल जज सीनियर डिविजन एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट मजिस्ट्रेट तपस्या त्रिपाठी की अदालत ने पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, विधायक केतकी सिंह एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य बृजनाथ सिंह समेत 71 लोगों के खिलाफ आरोप तय किया। आरोपियों ने इन आरोप से इंकार किया और मुकदमा के विचरण की मांग की। वादी मुकदमे ने तहरीर दी थी कि सुखपुरा थाना क्षेत्र में 09 नवंबर 2014 को सुखपुरा चट्टी पर बृजनाथ सिंह जिला पंचायत की गिरफ्तारी के विरोध में तत्कालीन भाजपा विधायक उपेंद्र तिवारी और भाजपा नेत्री केतकी सिंह के नेतृत्व में 200 से 250 लोगों ने रोड जाम कर दिया था। सरकार विरोधी नारा लगा रहे थे। इससे आने-जाने में आसपास के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उपजिलाधिकारी के आने पर काफी समझाने-बुझाने के बाद लोगों का जाम समाप्त हुआ था। इस मामले में थाना सुखपुरा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसकी सुनवाई उपरोक्त न्यायालय में चल रही है। बृहस्पतिवार को 71 आरोपियों सहित उपेंद्र तिवारी, बृजनाथ सिंह, केतकी सिंह के खिलाफ आरोप तय हुआ।

डीएम ने किया पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

बलिया। दिनांक 16 दिसम्बर 2022 को सायं 4:00 बजे जिलाधिकारी द्वारा जिला अस्पताल बलिया में अवस्थित जिला पोषण पुनर्वास केन्द्र बलिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पोषण पुनर्वास केन्द्र में उपलब्ध 10 बेड पर जनपद के विभिन्न विकास खण्डो से आईसीडीएस विभाग द्वारा 8 बच्चे एवं आर.बी.एस. के टीम द्वारा 02 बच्चे कुल 10 सैम बच्चों को भर्ती कराया जाना पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार, बच्चों को दी जाने वाली पोषक तत्वों के बारे में एक-एक बच्चे की विस्तृत जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जिला पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों को 14 दिन से पूर्व डिस्चार्ज नही किया जाय तथा बच्चे के अभिभावक की काउंसलिंग करते हुए 14 दिन तक बच्चों को भर्ती रखने हेतु कहा गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के जिला पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चों के स्वास्थ्य में हो रहे सुधार में संतोष व्यक्त किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी के साथ-साथ मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला पोषण पुनर्वास केन्द्र के प्रभारी अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, शहर, हनुमानगंज, मनियर एवं पन्दह उपस्थित थे।

मऊ में गोद लिए टीबी मरीजों के बीच पुष्टाहार की पोटली का किया जाएगा वितरण

निक्षय दिवस के तहत 30 टीबी मरीजों को गोद लेगी सेवा भारती

- टीबी मरीजों की छह माह तक की जाएगी देखभाल व नियमित निगरानी
- सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए किया जाएगा जागरूक

केटी न्यूज/मऊ

जानकारी देते संघ के सदस्य

शारदा नारायण हॉस्पिटल के सभागार में शुक्रवार को जिले के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा भारती इकाई की पहली बैठक नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिला सेवा प्रमुख अरविंद कुमार आर्य ने बताया की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा इकाई सेवा भारती के जिलाध्यक्ष जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ संजय सिंह को बनाया गया है। साथ ही, इससे संगठन के दायित्वों के निर्वहन के लिए विभिन्न तिथियों पर कई कार्यक्रमों के आयोजन की भी घोषणा की गई है। जिसे हम समय समय पर अवगत कराते रहेंगे। जिसमें सर्वप्रथम निक्षय दिवस के उपलक्ष्य पर सेवा भारती इकाई द्वारा जनपद के वंचित समाज के लगभग 30 क्षय रोग से पीड़ितों को गोद लिए जाने का कार्य किया जाएगा। जिसमें उन टीबी के रोगियों को सेवा भारती पुष्टाहार पोटली में गुड़, चना, मेवा, सोयाबीन, बिस्किट आदि पुष्टिवर्धक सामग्री उन्हें दी जाएगी। साथ ही, उनकी छह महीने तक देखभाल करने के साथ-साथ जागरूकता के लिए हमेशा समय-समय पर संपर्क करते रहा जाएगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सेवा भारती डॉ. संजय सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में सेवा भारती जनपद इकाई द्वारा प्रत्येक दिन एक एक कार्यक्रम कर हम वंचित और पिछड़े समाज के लोगों को स्वास्थ्य के लाभ के लिए उन्हें पूरी सहायता और सुविधा मुहैया कराएंगे साथ ही उनके समाज के नजदीक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ तथा रूटीन चेकअप का लाभ देंगे जरूरत पड़ने पर वहीं पर उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी सेवा भारती के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में बड़े रोग से पीड़ित लोगों को रेफर कर शारदा नारायण हॉस्पिटल में लाकर उन्हें निशुल्क चिकित्सा का लाभ दिया जाएगा। साथ ही, उन्हें सरकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना आदि का भी लाभ निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी निःशुल्क योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुनील जी नगर कार्यवाह, शारदा नारायण के डॉ सुजीत, हामिद समेत सभी स्टाफ के लोग मौजूद रहे।